*The Enacting Formula and the Title were added to the Bill.*

SHRI DALBIR SINGH: I move:

"That the Bill be passed."

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That the Bill be passed."

*The motion was adopted.*

**19.01 hrs.**

QUESTION OF PRIVILEGE—*contd.*

**श्री राम शेखर प्रसाद सिंह** (छपरा) आज सवेरे जब माननीय सदस्यों ने अपना स्पष्टीकरण दिया तो मुझे खेद है कि मैं उस समय सदन में उपस्थित नहीं था। मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे अब अपना स्पष्टीकरण करने का अवसर प्रदान किया है।

कल दिनांक 27–8–74 को राज्य सभा में प्र. संख्या 730 तारांकित के उत्तर में विभिन्न संसद सदस्यों का नाम उल्लेख पांडिचेरी के एनन खंड काईकाल कम्पनी के लाइसेंस की स्वीकृति के लिए संस्तुति करने वाले संसद सदस्यों के रूप में किया है और उस में मेरे नाम का भी उल्लेख है।

इस सम्बन्ध में मेरा निवेदन यह है कि ऐसे किसी आवेदन पत्र पर जो उक्त संस्थान से सम्बन्धित है मैंने कोई हस्ताक्षर नहीं किया और न ही मैं ऐसी किसी संस्था को जानता हूं।

वस्तुस्थिति यह है कि गत बजट अधिवेशन के उठने के कुछ ही दिन बाद या पहले सी बी आई के कुछ अधिकार मेरे दिल्ली निवास स्थान पर इस सम्बन्ध में जांच हेतु आए थे। उनसे मैंने स्पष्टत: बता दिया था कि उक्त संस्तुति पत्र पर न तो मेरा हस्ताक्षर है और न इससे मेरा कोई किसी प्रकार का सम्बन्ध है। मुझे यह जान कर अत्यन्त ही आश्चर्य और दुख हुआ है कि श्री डी०पी०चट्टोपाध्याय, वाणिज्य राज्य मंत्री ने इस प्रसंग में राज्य सभा में मेरे नाम का उल्लेख किया है जोकि निराधार है एवं निर्मूल है।

श्रीमन्, आप संसद् सदस्यों के हित एवं अधिकारों के रक्षक हैं। अतः आप से विनम्र प्रार्थना है कि आप हमारे मर्यादा की रक्षा करें तथा सम्बन्धित व्यक्तियों एवं समाचार पत्रों को मेरे इस स्पष्टीकरण की सूचना दे दें।

**19.04 hrs.**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Thursday, August 29, 1974/Bhadra 7, 1896 (Saka)*